समाचार

# निर्माण कार्यो की वर्क क्वालिटी व समयसीमा पर दें विशेष ध्यान – महापौर

## (महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने रोड डिवाईडर निर्माण कार्य का किया निरीक्षण)



कोरबा 14 मई 2025 – महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने निगम के अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा है कि वे विकास व निर्माण कार्यो की गुणवत्ता, प्रयुक्त सामग्री की क्वालिटी पर फोकस रखते हुए कार्य पूर्णता की समयावधि का विशेष ध्यान रखें, कार्यो की नियमित मानीटरिंग करें तथा यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि कार्य निर्धारित मानक के अनुरूप संपादित हो रहा है। उन्होने कहा कि कार्य के दौरान गुणवत्ता को मेनटेन रखने से कार्य में टिकाऊपन रहता है, जिसका ज्यादा समय तक लाभ आमजनता व शहर को प्राप्त होता है, अतः निर्माण कार्यो में गुणवत्ता का विशेष महत्व है।

उक्ताशय के निर्देश महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने टीपीनगर जोनांतर्गत संपादित कराए जा रहे रोड डिवाईडर के निरीक्षण के दौरान दिए। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा टीपीनगर जोन के अंतर्गत सेंट्रल स्टोर से अशोक वाटिका होते हुए स्टेडियम चौक तक रेलिंग सहित डिवाईडर निर्माण एवं विद्युतीकरण का कार्य 01 करोड़ 28 लाख रूपये की लागत से कराया जा रहा है। महापौर श्रीमती

संजूदेवी राजपूत ने आज निगम के अभियंताओं के साथ उक्त डिवाईडर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया, कार्य की गुणवत्ता व प्रगति को देखा, उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष फोकस रखें तथा कार्य में तेजी लाते हुए निर्धारित समयसीमा में कार्य को पूरा करें। उन्होने कहा कि उक्त सड़क पर काफी संख्या में छोटे व बड़े वाहनों का आवागमन होता है, यहॉ की आवागमन व्यवस्था को सुगम व सुरक्षित बनाने की दृष्टिकोण से उक्त रोड डिवाईडर का निर्माण कराया जा रहा है ताकि वहॉ की यातायात व्यवस्था चुस्त–दुरूस्त हो सके तथा आमनागरिकों को आवागमन में अनावश्यक असुविधा पैदा न हों। इस अवसर पर जोन कमिश्नर व कार्यपालन अभियंता अखिलेश शुक्ला, सहायक अभियंता सुनील टाण्डेय, उप अभियंता सोमनाथ डेहरे, दीपक यादव तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**साफ–सफाई कार्यो का लिया जायजा** – इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने सीएसईबी चौक से स्टेडियम तक व आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए साफ–सफाई कार्यो का जायजा लिया, उन्होने नियमित रूप से साफ–सफाई कार्य संपादित करने, सफाई कार्य के दौरान उत्सर्जित कचरे का तुरंत उठाव व परिवहन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। महापौर श्रीमती राजपूत ने उक्त सड़क मार्ग पर स्थापित सड़क रोशनी व्यवस्था का भी निरीक्षण किया तथा मार्ग की स्ट्रीट लाईटें जल रही है या नहीं, इसका परीक्षण करते हुए आवश्यकतानुसार स्ट्रीट लाईटें लगाने व रात्रि के समय लाईटें अनिवार्य रूप से जले, इसकी सतत मानीटरिंग किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।